झलक दिखाजा मोहे अब तो साँवरिया

झलक दिखाजा मोहे अब तो साँवरिया
दरसन को तरसे मोरी नजरिया
कहां जा के ढूंढू तुझे ओ मोरे साँवरिया
दरसन को तरसे मोरी नजरिया

लागे मोहे प्यारी सूरत तुम्हारी
लागी लगन मोहे बांके बिहारी
नंदन तेरी धुन में रहे मोरो मनवा

राधा सा तड़पूं मीरा बन के गाऊं
नाम तेरा लेले के तेरी धुन में झूमू
काहे मोहे दुनिया कान्हा का बावरिया

मन की तड़प मोरी तू नहीं जाने
कैसे में मनाऊ कान्हा तूनहीं जाने
तेरे बिन बीती जाये मोरी उमरिया

दुखियो के दु:ख को दूर कर ने वाले
मेरा ये जीवन तेरे हवाले
सांस नहीं है तन में अंतिम है घड़ियाँ

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20449/title/jhalak-dikhaja-mohe-ab-to-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |